# RAF SECTOR

NEWS CLIP

28/12/19

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Navbharat Times, Meerat (U.P)**

सीएए का विरोध : शुक्रवार को लेकर प्रशासन अलर्ट

# यूपी के कई जिलों में इंटरनेट-स्कूल बंद

PTI/File



Shadab.Rizvi@timesgroup.com

■ मेरठ : वेस्ट यूपी में कई संवेदनशील जिलों में पुलिस प्रशासन ने शुक्रवार को अलर्ट मोड में रहने का फैसला किया है। खासतौर पर सहारनपुर की स्थिति को लेकर पुलिस प्रशासन चौकसी बरत रहा है। इसके मद्देनजर प्रदेश के तमाम जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। कड़ाके की ठंड के नाम पर रविवार तक वेस्ट यूपी के सभी स्कूल-कॉलेजों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है।

पुलिस लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर रही है। इसके अलावा अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ शहरों में फ्लैग मार्च निकाल रहे हैं। अफवाहों पर लगाम लगाने के मद्देनजर सहारनपुर, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, फिरोजाबाद, मथुरा और आगरा में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई। मुजफ्फरनगर में 28 दिसंबर तक इंटरनेट बंद रखा गया है। वहीं, मेरठ में गुरुवार शाम 7 बजे से इंटरनेट सेवाएं रोक दी गईं।

## स्कूल-कॉलेज बंद

बाकी जिलों में शुक्रवार तक नेट बंद रखने के आदेश जिला प्रशासन की तरफ से दिए गए हैं। बिजनौर में गुरुवार को भी इंटरनेट सेवा बंद रखी गई। जानकारी के मुताबिक, यहां अगर कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य रहती है तो शुक्रवार की शाम इंटरनेट को चालू किया जा सकता है। इसके अलावा इन जिलों में कड़ाके की ठंड के चलते रविवार तक बारहवीं तक के स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं।

## शांति की अपील

मेरठ में आईजी, कमिश्नर, डीएम और एसएसपी ने जिम्मेदार लोगों की मीटिंग की। उन्होंने लोगों से शांति बनाने की अपील की और सहयोग मांगा। दरअसल, 20 दिसंबर को वेस्ट यूपी के कई जिलों में हिंसा हो गई थी, जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी। पुलिस फोर्स, पीएसी, आरएएफ जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है।

## पुलिस रिपोर्ट : हिंसा- आगजनी में 1113 गिरफ्तार

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ : नागरिक संशोधन कानून के विरोध में दस नवंबर के बाद से अब तक हुए हिंसक प्रदर्शनों, आगजनी, तोड़फोड़ और पुलिस पर फायरिंग की घटनाओं को लेकर अब तक यूपी में 327 एफआईआर दर्ज हुई है। इनमें यूपी पुलिस ने 1113 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जबकि, 5558 लोगों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्यवाही की गई है।

आईजी लॉ एंड आर्डर प्रवीण कुमार ने बताया, इन हिंसक प्रदर्शनों में अब तक प्रदेश में 19 लोगों की मृत्यु की सूचना है। जबकि, प्रदर्शनों में 288 पुलिस कर्मी जख्मी हुए हैं। इनमें 61 पुलिस कर्मी गोली लगने से जख्मी हुए हैं। पुलिस ने घटना स्थलों से 647 खोखे, 69 कारतूस और 35 तमंचे बरामद हुए। संभल में उपद्रवियों ने 20 दिसंबर को अपराध शाखा के इंस्पेक्टर की पिस्टल छीन ली थी।

Rashtriya Sahara, Lucknow (U.P)

# उपद्रवियों के खिलाफ एक्शन मोड में यूपी पुलिस

## सीएए के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर कई जिलों में अलर्ट

■ लखनऊ (आईएएनएस)।

नागरिकता कानून (सीएए) के विरोध में प्रदेश में कई दिनों तक विभिन्न शहरों में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान उपद्रव करने वालों के खिलाफ पुलिस अब 'एक्शन मोड' में आ गई है। उपद्रवियों से निपटने के लिए राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। प्रदेश के कई जिलों में जुमे की नमाज के बाद शुक्रवार को हिंसा होने की आशंका को लेकर शासन ने सुरक्षा बढ़ा दी है।

पुलिस की नजर जुमे की नमाज में एकत्र होने वाली भीड़ पर है। इसको लेकर कई जिलों में अलर्ट जारी हो गया है। आगरा सहित कई जिलों में गुरुवार को शाम सात बजे से शुक्रवार तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

कहीं उपद्रवियों की तलाश में दबिश दी जा रही है तो कहीं आम लोगों की मदद से गुनाहगारों की पहचान की जा रही है।



फाइल फोटो

सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन तोड़फोड़ और आगजनी करने वालों को नोटिस भेज रहा है। पुलिस ने अफवाह को लेकर संभ्रांत लोगों के साथ धर्मगुरुओं से अफवाह की खंडन करने की अपील की। सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। आईजी (कानून-व्यवस्था) प्रवीण कुमार ने बताया कि सीएए के खिलाफ 10 दिसम्बर से अब तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रदर्शनों, आगजनी, तोड़फोड़ और पुलिस पर फायरिंग व अन्य घटनाओं में 327 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। कुल 1113 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए और 5558 लोगों को पुलिस ने लिया हिरासत में लिया है।


**जुमे की नमाज के बाद हिंसा की आशंका को देखते हुए बढ़ाई सुरक्षा**

**आगरा सहित कई जिलों में गुरुवार को शाम सात बजे से मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद**

### धर्मगुरुओं ने की शांति की अपील

लखनऊ में भी जिला प्रशासन सतर्क है। यहां पर मुस्लिम धर्मगुरुओं ने जुमे की नमाज को लेकर शांति की अपील की है। मौलाना ने रामगंज, मुफ्ती गंज व हुसैनाबाद में दौरा किया। इन लोगों ने सभी से शांति व अमन बनाने की अपील की है। यहां मौलाना कल्बे जव्वाद, मौलाना रजा हैदर, मौलाना रजा हुसैन के साथ मौलाना कमरुल हसन ने शांति की अपील की। उधर, धर्मगुरु फिरंगी महली ने लोगों से शांति व्यवस्था बहाल रखने के लिए लोगों को एक दिन रोजा रखने की अपील की है।

Rajasthan patrika, Ahmedabad (G.J)



अहमदाबाद में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरोध के बाद हुई हिंसा के मद्देनजर इन दिनों शहर के जमालपुर व अन्य संवेदनशील इलाकों में स्थानीय पुलिस के साथ गश्त लगा रहे आरएएफ के जवान।

Dainik Jagran, Jamshedpur (JKD)

# पुलिस की चुस्ती के कारण बनी रही शांति, चप्पे-चप्पे पर तैनात किए गए थे जवान

जासं, जमशेदपुर : मानगो में शुक्रवार को सीएए के विरोध में हुई सभा के दौरान पुलिस की चुस्ती देखने लायक थी। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षाबल तैनात रहे। मानगो चौक और सटे इलाके में रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई थी। सिटी एसपी सुभाष चंद्र जाट रैफ बल के साथ मानगो समेत शहर के विभिन्न इलाके में भ्रमण करते रहे। पुलिस कंट्रोल रुम और मानगो गांधी मैदान में व्रज वाहन के साथ जवान तैनात रहे।



शुक्रवार को मानगो गांधी मैदान में हुई सभा के मद्देनजर मानगो इलाके में सुरक्षा के मद्देनजर तैनात किए गए सरक्षा बल के जवान ● जागरण


Scanned with CamScanner

Prabhat Khabar, Jamshedpur (JKD)

# योग प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण संपन्न, हुई परीक्षा




**नरवा.** 106 बटालियन द्रुत कार्य बल सुंदरनगर परिसर में पांच बटालियन से आये 84 कार्मिकों का कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार के नेतृत्व में 84 कार्मियों का योग प्रशिक्षण संपन्न हो गया. कोर्स डायरेक्टर सह उप कमांडेंट अनामी शरण तथा सहायक कमांडेंट अभिषेक कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में 6 बटालियन से आये 84 कार्मिकों को योग प्रशिक्षण मिला. इसकी समापन की विधिवत द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार ने घोषणा की. प्रशिक्षु 84 कार्मियों को विभिन्न लाभकारी योग सिखाये गये. तीन माह के प्रशिक्षण उपरांत बाहरी बोर्ड के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षुओं की अंतिम परीक्षा ली गयी. इसके अतिरिक्त बाहरी बोर्ड के समक्ष पैरेड मैदान में एक शानदार प्रदर्शन किया गया.



प्रयागराज में शुक्रवार को चौक जामा मस्जिद के पास जुमे की नमाज के दौरान मुस्तैद रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के जवान। ●शरद मालवीय

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF









**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**